नागौर के बड़ली इलाके में बारूद के गोदाम में भीषण धमाका, दो चचेरे भाइयों की मौत

जोरदार धमाके से आसपास के मकानों में दरारें आईं, 100 फीट दूर खड़ी बस के शीशे टूटे

नागौर, (निसं)। शहर के आवासीय बड़ली इलाके में गुरुवार सुबह बारूद के गोदाम में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि गोदाम की छत उड़ गई और वहां काम कर रहे दो चचेरे भाइयों के शरीर के कई टुकड़े हो गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट होने के बाद धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई।



हादसे के बाद सीओ जतिन जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 9:40 बजे हुआ। मृतकों की पहचान नागौर शहर के बाजरवाड़ा निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद आमिर सौरगर और उनके चचेरे भाई मुजिद सौरगर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद बारूद में विस्फोट होने की बात भी सामने आई है। धमाके से आसपास के मकानों को भी नुकसान हुआ है। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घटना स्थल से करीब 100 फीट दूर खड़ी बस के सभी शीशे टूट गए। आसपास के मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं और गोदाम की छत की पट्टियां भी नीचे गिर गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाके की आवाज करीब आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जबकि कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी गूंज करीब दो किलोमीटर तक सुनाई देने की बात कही। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस, दमकल विभाग की टीमें और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान गोदाम में तलाशी लेकर मृतकों के शरीर के अवशेष एकत्र किए गए। फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने घटनास्थल से अलग-अलग रासायनिक पदार्थों और पोटेशियम नाइट्रेट के नमूने जुटाए हैं। गोदाम में मौजूद अन्य सामग्री की भी जांच की जा रही है।

सीओ जतिन जैन ने बताया कि फैक्ट्री के खुले आंगन में बिजली का पोल भी लगा हुआ है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, धमाका किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी वास्तविक वजह एफएसएल जांच और विस्तृत अनुसंधान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद घटनास्थल पर जमा लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने गोदाम के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने भीड़ को हटाने का प्रयास किया तो कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को मौके से खदेड़ा। घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी। कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। गनीमत रही की पास ही में बने पटाखे के गोदाम में आग नहीं लगी। वरना आग आसपास के इलाकों को भी चपेट में ले लेती।



मृतक मोहम्मद आमिर सौरगर और मुजिद सौरगर।

- दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, धमाके से आसपास के मकानों को भी नुकसान हुआ
- 'फैक्टरी के खुले आंगन में बिजली का पोल लगा हुआ है, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण विस्फोट होने की आशंका जताई'

मां-बेटे के बैंक खातों से सात लाख रुपए उड़ाए

- ठगों ने थिंक गैस कंपनी का प्रतिनिधि बनकर फोन किया और राशि निकाली

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में गैस कंपनी के नाम पर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना इलाके के रहने वाले मां-बेटे के बैंक खातों से करीब सात लाख रुपए उड़ा लिए। बेटे का कहना है कि खाते से रुपए कटने की जानकारी मिलने पर उसने अकाउंट ब्लॉक करवा दिया था, इसके बावजूद खाते से पैसे निकलते रहे। पीड़ित परिवार ने मामले को लेकर थाने में शिकायत की है। ठगों ने थिंक गैस कंपनी का प्रतिनिधि बनकर फोन किया और उसके बाद में उनके स्टेट बैंक और एसबीआई बैंक खाते से करीब 7 लाख रुपए निकाल दिए। वहीं मामले में बैंक पर लापरवाही के आरोप भी लगे हैं।

बेटे महिपाल सिंह कर्णावट का आरोप है कि उनके पिता दिलीप सिंह का एसबीआई बैंक ओर दादी लक्ष्मी देवी का पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। 3 नवंबर को उनके खाते से 14 बार ट्रांजेक्शन हुए। जिसमें 8 लाख 1 हजार 919 रुपए निकाल दिए गए। इनमें से कुछ रुपए रिफंड हुए हैं। इसकी रिपोर्ट साइबर पोर्टल पर करवाई। पुलिस को पूरा रिकॉर्ड भी दिया है। पिता के नाम वाले खाते से करीब डेढ़ लाख और दादी के नाम वाले एसबीआई खाते से करीब 5 लाख 50 हजार की ठगी हुई है। उन्होंने स्टेट बैंक आफ इंडिया में 3 नवंबर की रात को कॉल कर उसकी कंप्लेंट भी की। खाता ब्लॉक करवाने की कार्रवाई भी करवाई। इसके बावजूद उनके खाते से अगले दिन 4 नवंबर को 41 हजार 213, 48 हजार, 31 हजार 660 और 160 रुपए निकाल दिए गए। ये बैंक की लापरवाही है और इसके खिलाफ कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

मामले को लेकर एस आई महेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर ठगी की एक जीरो नंबर रिपोर्ट हमारे थाने में प्राप्त हुई। इस पर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें परिवादी की ओर से करीब 5 से 7 लाख की साइबर ठगी होना बताया गया है। इस पूरे मामले की एएसआई राणाराम जांच कर रहे हैं।

एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर ठगी :- जोधपुर शहर में साइबर फ्रॉड के केस नहीं थम रहे हैं। जीरो नंबर एफआईआर पर कमिश्नरेट पुलिस में धोखाधड़ी के केस दर्ज किए जा रहे है। राजीव गांधी नगर थाने में एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर केस दर्ज हुआ है। उसे एपीके फाइल डाउनलोड करवा शातिर ने एक लाख से ज्यादा की ठगी की थी। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि विनायक विहार में बी ब्लॉक में रहने वाले संजय मेहता की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि कुछ दिन पहले ऑनलाइन किसी शातिर द्वारा उससे एपीके फाइल को डाउनलोड कराया गया था। जिसके बाद शातिर ने मोबाइल का एक्सेस लेकर खाते से एक लाख से ज्यादा की राशि पार कर ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तरफ से साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी गई थी।

समग्र शिक्षा के कनिष्ठ अभियंता के दलाल को 50 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

भीलवाड़ा, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भीलवाड़ा-प्रथम ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा (भीलवाड़ा) में पदस्थापित संविदाकर्मी कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट के दलाल श्रेणीक चौधरी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



आरोपी दलाल।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने जानकारी दी कि एसीबी चौकी भीलवाड़ा-प्रथम को एक परिवादी ने शिकायत दी थी। परिवादी की फर्म द्वारा रायपुर पंचायत ब्लॉक में सिविल कार्य करवाए गए थे, जिसके प्रथम रनिंग बिल राशि 8,82,647 रुपये को पास करने के एवज में कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट अपने दलाल श्रेणीक चौधरी के माध्यम से 50 हजार रुपये रिश्वत और 10 हजार रुपये टेस्टिंग के लिए अलग से मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी द्वारा इसका सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट ने 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि अपने दलाल श्रेणीक चौधरी को देने के लिए कहा था। अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस नारायण टोगस के सुपरविजन में एसीबी चौकी भीलवाड़ा-प्रथम के उप अधीक्षक पुलिस पारसमल के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान आरोपी श्रेणीक चौधरी को परिवादी से गर्ग पेट्रोल पंप, रेलवे फाटक के पास, भीलवाड़ा में अपनी स्विफ्ट कार में बैठकर 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। एसीबी टीम ने रिश्वत राशि बरामद कर ली, जिसमें 10 हजार रुपये भारतीय चलन मुद्रा तथा 40 हजार रुपये डमी करेंसी शामिल है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस एस. परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ और अग्रिम कार्रवाई जारी है। प्रकरण में कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट की भूमिका के संबंध में भी गहन जांच की जा रही है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जाएगा।

सीकर में आरटीओ चालान के नाम पर साइबर ठगी

सीकर, (निसं)। सीकर में आरटीओ चालान के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। 65 साल के बुजुर्ग ने चालान से जुड़ी एपीके फाइल पर क्लिक किया, जिसके बाद उसके बैंक खाते से 3.71 लाख रुपए निकल गए।

पीड़ित के मुताबिक, रकम निकालने के लिए न तो कोई आया और न ही उसे इसकी जानकारी मिली। पीड़ित बुजुर्ग ने साइबर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। 65 साल के बुजुर्ग के अनुसार, उनके व्हॉट्सएप पर एक ग्रुप में आरटीओ चालान एपीके फाइल आई थी। उन्होंने इस पर क्लिक कर दिया।

इसके बाद अकाउंट से 3.71 लाख रुपए निकल गए। कोई भी ओटीपी उनके मोबाइल पर नहीं आई। मोबाइल पर जब रुपए कटने का मैसेज आया तो उन्हें इसका पता चला। इसके बाद साइबर पोर्टल और साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। बुजुर्ग के अकाउंट से जो राशि निकाली वह एक ही बैंक अकाउंट में जमा हुई है। अब उस बैंक की डिटेल के आधार पर साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर पुलिस के अनुसार, साइबर ठग इस तरह की एपीके फाइल भेजकर मोबाइल को हैक कर लेते हैं और फिर इसके बाद अकाउंट से रुपए निकालते हैं। ऐसी किसी भी फाइल को डाउनलोड नहीं करें।

- बुजुर्ग ने चालान से जुड़ी एपीके फाइल पर क्लिक किया, खाते से 3.71 लाख रुपए निकले

शराब ठेके में लाभ का प्रलोभन देकर 23.32 लाख की धोखाधड़ी

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड 23 सेक्टर में रहने वाले एक व्यक्ति से कुछ लोगों ने सरकारी शराब ठेके में इंवेस्टमेंट के नाम पर बड़े मुनाफे का प्रलोभन देकर 23.32 लाख की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने अब कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से कुछ लोगों को नामजद कर केस दर्ज कराया है।

मामला वर्ष 2020 से शुरू होना बताया गया है। फिलहाल पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि मूलत: बीकानेर के सूरजपुरा कॉलोनी हाल सेक्टर 23 में अशोक उद्यान के निकट रहने वाले देवेंद्र भाटी ने रिपोर्ट दी।

इसमें बताया कि वह वर्ष 2020 में कुछ लोगों के संपर्क में आया था। उन लोगों ने उसे सरकारी शराब ठेके में इंवेस्टमेंट की बात की और बड़ा मुनाफे का लालच दिया। तब वह आरोपियों के झांसे में आ गया। इसके बाद उसने तकरीबन 23 लाख 32 हजार 100 रूपए उन्हें विभिन्न मदों के तहत दिए। मगर काफी समय गुजरने के बाद भी ना तो प्रोफिट मिला और ना ही दी गई रकम को वापिस लौटाया गया। मामले में जांच एएसआई राणाराम की तरफ से की जा रही है।

- पीड़ित ने इस्तगासे के माध्यम से कुछ लोगों को नामजद कर केस दर्ज कराया, जांच शुरु

महिला से दुष्कर्म

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम में एक महिला के साथ परिचित ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। उसके अचेत होने के बाद परिचित महिला के गहने आदि चोरी कर ले गया। इस बारे में पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दी। घटना 10 अक्टूबर की बताई जाती है। आरोपी से गहने वापिस मांगने पर वह टालमटोल करता रहा। जिला पश्चिम पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि उसका एक परिचित 10 अक्टूबर को घर पर आया था। बाद में चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। अचेत होने पर परिचित उसके गहने आदि चुरा कर ले गया।

सीकर शहर में मिलावट की आशंका पर 145 किलो रिफाइंड पामोलिन ऑयल और वनस्पति सीज़

सीकर, (निसं)। दीपावली पर्व पर आमजन को शुद्ध एवं ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार खाद्य वस्तुओं की जांच की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गुरुवार को सीकर शहर रींगस फतेहपुर में विभाग की टीमों ने कार्रवाई की। इस दौरान सीकर शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदराम मीणा, सुनीता यादव, कमलेश मीणा ने सालासर बस स्टैंड स्थित न्यू करणी स्वीट्स होम का निरीक्षण किया। फैक्ट्री में रिफाइंड पामोलिन ऑयल के दो सैम्पल लिए और मिलावट की आशंका पर 90 किलो पामोलिन ऑयल और 55 किलो वनस्पति सीज किया। 30 किलो बदबूदार एवं दूषित चासनी को नष्ट किया, साथ ही संचालक को कमियों में सुधार के लिए नोटिस दिया।

- 30 किलो दूषित चासनी की नष्ट, सुधार के लिए संचालक को नोटिस दिया

इधर, रींगस में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, साधना जांगिड़, शुभम कुमार ने खाद्य वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण किया और घी, बेसन लड्डू, सोन पापड़ी, नमकीन के सैंपल लिए। वहीं फतेहपुर क्षेत्र में महमूद अली, तरुण, अम्बिका चौधरी ने कार्रवाई की और नमकीन, चिड़ावा पेड़ा और चमचम का सैंपल लिए। टीमों ने सीकर शहर, रींगस, फतेहपुर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य वस्तुओं के 26 सैम्पल लिए।

भरतपुर में बेकरी की दुकान में आग लगी

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर शहर में नगर निगम के पास स्थित सेवा बेकरी में देर रात अचानक भीषण आग लग गई, जिससे बेकरी में रखा लाखों रुपये का तैयार माल और सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। बेकरी मालिक अनिल वासवानी ने बताया कि उनकी मथुरा गेट थाना इलाके स्थित सेवा बेकरी है। कल शाम वह बेकरी को बंद कर घर चले गए थे। बेकरी के अंदर उनकी कुछ दवाएं रह गई रात 12 बजे वह दवाई लेने के लिए आये तब तक आग नहीं लगी थी। रात करीब दो बजे बेकरी के आसपास रहने वाले लोगों ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी बेकरी के अंदर से आग की लपटें निकल रहीं हैं। वह तुरंत अपनी बेकरी पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस और दमकल विभाग को घटना की सूचना दी।

तेज रफ्तार ट्रेलर ने तीन युवकों को कुचला, दो की मौत, एक गंभीर घायल

अजमेर-कोटा स्टेट हाइवे पर जगपुरा गांव के निकट बाइक सवारों को टक्कर मारकर ट्रेलर पलटने से हादसा हुआ

सरवाड़, (निसं)। अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे पर गुरुवार को जगपुरा गांव के निकट भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया।

- 20 मिनट की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से दोनों युवकों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी, हादसे के बाद चालक फरार हुआ



अजमेर-कोटा स्टेट हाइवे पर हुये हादसे में ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और दो युवक उसके नीचे दब गए। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, सरवाड़ निवासी मोहम्मद फारूक अंसारी और मुस्तकीम अहमद अंसारी गुरुवार सुबह केकड़ी चिकित्सालय जाने के लिए निकले थे। रास्ते में जगपुरा और सूरजपुरा गांव के बीच उन्हें सरवाड़ निवासी नसरुद्दीन पठान मिला। दोनों ने बाइक रोककर उससे बातचीत शुरू कर दी। इसी दौरान केकड़ी की ओर से तेज गति से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और तीनों युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रेलर सड़क पर पलट गया। मोहम्मद फारूक और मुस्तकीम अहमद उसके नीचे दब गए, जबकि नसरुद्दीन उछलकर दूर सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

ट्रेलर के नीचे दबे युवकों को बाहर निकालने के लिए ग्रामीणों ने तत्काल प्रयास शुरू किए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्रेन मंगवाई गई। करीब 20 मिनट तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद दोनों युवकों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे के कारण घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सरवाड़ थानाधिकारी रामपाल शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल नसरुद्दीन पठान को उपचार के लिए केकड़ी स्थित राजकीय जिला चिकित्सालय भिजवाया। वहीं दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाए गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए। दुर्घटना के चलते हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने मशक्कत के बाद खुलवाकर यातायात सुचारू करवाया।

हादसे में जान गंवाने वाले मुस्तकीम अहमद अंसारी मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालय में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे ने परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रेलर चालक शराब के नशे में था और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, चालक के नशे में होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और चालक की तलाश की जा रही है।

कमला देवी हत्याकांड : चौथा आरोपी हिरासत में

भीलवाड़ा, (निसं)। चर्चित कमला देवी कांकरिया हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे चौथे आरोपी कालू को भीमगंज थाना पुलिस ने कोटा से गिरफ्तार कर लिया है।

- वारदात में शामिल सभी चार आरोपी अब गिरफ्तार हो चुके हैं

जानकारी के अनुसार वारदात के बाद से ही आरोपी कालू लगातार पुलिस को चकमा देकर कोटा में छिपकर रह रहा था। बुधवार देर रात जैसे ही पुलिस को उसकी सटीक लोकेशन मिली, भीमगंज थाना पुलिस की विशेष टीम ने कोटा में दबिश देकर उसे धर दबोचा। पुलिस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर भीलवाड़ा लौट आई है।

इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी रवि तपड़िया और उसके दो सहयोगियों-हीरा सिंधी व आर्यन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कालू की गिरफ्तारी के साथ ही वारदात में शामिल सभी चार आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस अब कालू से गहन पूछताछ की तैयारी में है। पुलिस कालू के बयानों का मिलान पहले से जेल में बंद तीनों आरोपियों के बयानों और पुलिस को मिले सबूतों से कराएगी। जरूरत पड़ने पर आमना-सामना भी कराया जा सकता है।

कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner
क्रमांक - राजकाज 25182477 दिनांक :- 23/10/2026
ई - बिड सूचना 17/2026-27
बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, प्राधिकरण एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://lsg.rajasthan.gov.in/bda पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- BID2627WSOB00096 - 98
राज.संवाद/सी/26/13002 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2026 / 8266 दिनांक : 02.11.2026
ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 67/2026-27
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से एलईडी स्ट्रीट लाईट सप्लाई कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in, पर देखें। कार्य की लागत 49.48 लाख रूपये है तथा UBN No. DLB2627WSOB23453 है।
राज.संवाद / सी / 26 / 13019 आयुक्त नगर परिषद बारां

राजस्थान आवासन मण्डल
क्रमांक :- 1179 दिनांक :- 05/11/2026
निविदा सूचना संख्या : 02/2026-27
1. Development of Shopping Center in Sector 17 at Mukta Prasad Ngar, Bikaner 2. Supply of Sign board and Construction of Washroom Ground Water Tank and Electrication Work at Guard Office Shivbari Housing Scheme, Bikaner के कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 10.11.2026 सायं 6:00 बजे से दिनांक 23.11.2026 को सायं 6:00 बजे तक राजस्थान सरकार के पॉर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) व मण्डल की वेबसाईट http://rhb.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
UBN No. :- RHB2627WSOB00218 & RHB2627WSOB00219
राज.संवाद/सी/26/13041 उप आवासन आयुक्त, वृत्त-बीकानेर

RAJASTHAN STATE FOREST DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
GENERAL MANGAGER, REGIONAL OFFICE, BIKANER
(A Government of Rajasthan Undertaking) Regd. Office: IN FRONT OF LIC OFFICE, JAIPUR ROAD, BIKANER, RAJASTHAN PIN : 334001, Email:-gmbikaner@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- एफ.9 (03) ठेका-नीलामी/मप्र/राराविनिलि/क्षेकाबी/2026/1437 दिनांक :- 03/11/2026
विज्ञप्ति लकडी नीलामी (Corrigendum)
सर्व साधारण विशेषण लकडी के व्यापारियों, प्लाई एवं पेपर मिलों को सूचित किया जाता हैं कि वर्ष 2026-27 हेतु महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर के क्षेत्राधीन विभागीय विक्रय केन्द्रों पर इमारती तथा जलाऊ लकडी का विक्रय खुली नीलामी के सम्बंध में इस कार्यालय की विज्ञप्ति लकड़ी नीलामी क्रमांक एफ.9 (03) ठेका-नीलामी / मप्र /2026/1244 दिनांक 23.09.2026 राज्य स्तरीय समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति लकड़ी नीलामीमें नीलामी स्थल/विक्रय केन्द्र 26 बीएलडी, दंतौर के स्थान पर 19 KJD, खाजूवाला पढ़े जाने का आंशिक संशोधन किया जाता है। नीलामी तिथिया, समय एवं शर्तें व नियम पूर्व विज्ञप्ति लकड़ी नीलामी के अनुरूप यथावत् रहेगें।
महाप्रबंधक
राज.संवाद/सी/26/13011 राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, बीकानेर

Office of the Municipal Board Bari (Dholpur) Raj.
No: MBB /2026/345-348 Date – 29-10-2026
Notice Inviting E- tender E-.58 to 59 /2026-27
Online technical and financial bid in Two stage are invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Board Bari.
The bidder/contractors resisted and full fill the required document for the bid and evaluated as the most preferred bidder as per the BID document for respective work, shall be considered for award of contract.
The bidder/contractors who meets the eligibility criteria mentioned in BID and evaluated as the most preferred bidder as per the BID document for respective work, shall be considered for award of contract.

Tender Fee (non-refundable)	Rs 1000 (Rupees One Thousand only)
Bid Security (refundable)	2% of estimated cost.
Processing Fee (MDRISL JAIPUR)	Rs 500 (Rupees Five Hundred Only)
Publishing Date &Time	29.10.2026
bid Download start Date & Time	29.10.2026 From 15.00 Hrs.
Websites for downloading bid	http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in
bid Submission End Date & Time	12.11.2026 at 18:00 Hrs on http://eproc.rajasthan.gov.in
Technical Bid Opening Date & Time	13.11.2026 at 15.00 Hrs
Financial Bid Opening Date & Time	Will be intimated later to technically responsive bidder

*Other terms and conditions can be seen and downloaded from www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBN No. – DLB2627WSOB23620
DLB2627WSOB23621
Raj.Samwad/C/26/12993 Executive officer Municipal Board bari